राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर डॉ. व्यास दुबे का व्याख्यान आयोजित :नई शिक्षा नीति – भारत की शिक्षा प्रणाली में एक क्रांतिकारी परिवर्तन का उद्घोष

द आई सी एफ ए आई विश्वविद्यालय, रायपुर, कुम्हारी के तत्वावधान में दिनांक 5 अगस्त को एक शैक्षिक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें भारत सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया ,इस अवसर पर छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अकादमिक प्रमुख प्रख्यात शिक्षाविद् एवं नीति , विश्लेषक डॉ. व्यास दुबे ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर उपस्थितजनों को इस नीति की विशेषताओं, लक्ष्यों और इसके प्रभावों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 केवल एक शैक्षिक दस्तावेज नहीं, बल्कि यह भारत के भविष्य की बुनियाद है। यह नीति हमारी युवा पीढ़ी को न केवल ज्ञानवान बनाएगी, बल्कि उन्हें सृजनशील, नवाचारी और वैश्विक नागरिक बनने में समर्थ बनाएगी।" उन्होंने बताया कि यह नीति 34 वर्षों के अंतराल के बाद लाई गई है और यह स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक सभी स्तरों पर परिवर्तन का संकेत देती है।इसकी शुरुआत बच्चों की शिक्षा से आरम्भ की गई हैI

डॉ. दुबे ने मुख्य रूप से कुछ बिंदुओं पर प्रकाश डाला, जिनमे से मुख्य हैं, नई शैक्षिक संरचना (5+3+3+4) प्रणाली उन्होंने बताया कि NEP 2020 में पारंपरिक और नई संरचना को अपनाया गया है, जो कि बाल विकास की मनोवैज्ञानिक अवस्थाओं पर आधारित है। इससे बच्चों की नींव और संज्ञानात्मक क्षमताओं को सशक्त किया जा सकेगा। मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा
उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि बच्चों को कक्षा 5 (और यदि संभव हो तो कक्षा 8) तक मातृभाषा/स्थानीय भाषा में शिक्षा देने से उनकी समझ, अभिव्यक्ति और रचनात्मकता में वृद्धि होगी। इससे भाषा की बाधा हटेगी और विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। पूर्व-प्राथमिक शिक्षा पर विशेष ध्यान, इस शिक्षा नीति से अंतर्गत पहली बार 3 वर्ष की आयु से पूर्व-प्राथमिक शिक्षा को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में जोड़ा गया है, जिससे बच्चों को प्रारंभिक संज्ञानात्मक, सामाजिक और भावनात्मक विकास के लिए उचित वातावरण मिल सके। समग्र और बहु-विषयी शिक्षा,डॉ. दुबे ने इस बात को विशेष रूप से रेखांकित किया कि अब छात्रों को विषयों के चयन में अधिक स्वतंत्रता दी गई है। कला, विज्ञान, वाणिज्य की सीमाएँ समाप्त कर दी गई हैं। इससे विद्यार्थी अपने रुचि और क्षमता के अनुसार विषय चुन सकेंगे। उन्होंने इस निति की शिक्षकों के लिए भी कामगार बताया I शिक्षकों का विकास और प्रशिक्षण, नीति में शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता बताया गया है। शिक्षक प्रशिक्षण, सतत व्यावसायिक विकास, और पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया पर बल दिया गया है ताकि योग्य एवं प्रेरित शिक्षक तैयार किए जा सकें। डिजिटल शिक्षा और तकनीकी समावेश डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए नीति में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑनलाइन लर्निंग, और डिजिटल कंटेंट के विकास को बढ़ावा देने की बात कही गई है। साथ ही NDEAR और DIKSHA जैसे प्लेटफॉर्म्स को और प्रभावी बनाने पर ज़ोर दिया गया है। राष्ट्रीय शैक्षिक मूल्यांकन केंद्र (PARAKH),मूल्यांकन प्रणाली में सुधार लाने हेतु नीति में PARAKH की स्थापना का प्रस्ताव है, जिससे मूल्यांकन अधिक समग्र, विकासोन्मुख और छात्र-केंद्रित हो सकेगा। उच्च शिक्षा में सुधार, उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा संस्थानों को अधिक स्वायत्तता, बहु-विषयक बनने की स्वतंत्रता, और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। एकाधिक प्रवेश एवं निकासी प्रणाली, डॉ. दुबे ने कहा कि स्नातक स्तर पर विद्यार्थियों को अब कोर्स के किसी भी चरण में प्रमाणपत्र, डिप्लोमा या डिग्री प्राप्त करने की सुविधा होगी। इससे शिक्षा प्रणाली में लचीलापन और समावेशिता आएगी। राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान (National Research Foundation - NRF) अनुसंधान को प्रोत्साहन देने के लिए NRF की स्थापना का प्रस्ताव दिया गया है, जो कि अनुसंधान संस्कृति को संस्थागत रूप से बढ़ावा देगा।गुणवत्ता और समानता का समन्वय, नीति का उद्देश्य केवल शिक्षा का सार्वजनिकीकरण नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभी वर्गों तक पहुँचाना है — चाहे वह ग्रामीण हो या शहरी, अमीर हो या वंचित वर्ग। इन सभी महत्वपूर्ण बातों को साझा करते हुए डॉ. व्यास दुबे जी ने व्याख्यान दिया , इस व्याख्यान में कुलपति डॉ.शिव दयाल पाण्डेय , कुलसचिव डॉ. मनीष उपाध्याय सहित सभी प्राध्यापकगण, एवं विधार्थी उपस्थित थे I

ICFAI®
UNIVERSITY

Awareness Program

National Education Policy 2020

5th August, 2025

Keynote Speaker

Prof. (Dr.) Vyas Dubey

Member-Academics, CGPURC

The ICFAI University, Raipur

Add: NH-53, Raipur Bhilai Road, Kumhari, Durg Website: www.iuraipur.edu.in

ICFAI
Awareness Program
National Education Policy 2020
5th August, 2025
Keynote Speaker
Prof. (Dr.) Vyas Dubey
Member-Academics, CGPURC
The ICFAI University, Raipur
Website: www.iuraipur.edu.in
The ICFAI University
RAIPUR